Toppersnotes
Unleash the topper in you

# 2nd – ग्रेड

## वरिष्ठ अध्यापक

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)

प्रथम – प्रश्न पत्र

भाग – 2

# सामान्य अध्ययन (राजस्थान)

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान का सामान्य परिचय | 1 |
| 2 | राजस्थान का भौतिकीय स्वरुप | 5 |
| 3 | नवीनतम संभाग एवं जिला परिदृश्य | 8 |
| 4 | राजस्थान का भौगोलिक विभाजन प्रदेश | 25 |
| 5 | जलवायु | 36 |
| 6 | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें | 47 |
| 7 | मृदा | 68 |
| 8 | राजस्थान में वनस्पति (वन) | 72 |
| 9 | कृषि | 77 |
| 10 | वन्यजीव एवं जैव विविधता, चुनौतिया और संरक्षण एवं पर्यावरणीय मुद्दे या समस्याएँ | 85 |
| 11 | पशुधन | 107 |
| 12 | जनसंख्या 2011 | 119 |
| 13 | उद्योग | 124 |
| 14 | पर्यटन | 148 |
| 15 | राज्यपाल | 178 |
| 16 | मुख्यमंत्री | 184 |
| 17 | राज्य मंत्रिपरिषद् | 189 |
| 18 | राज्य सचिवालय एवं मुख्य सचिव | 193 |
| 19 | राजस्थान लोक सेवा आयोग | 196 |
| 20 | राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग | 199 |
| 21 | स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज | 202 |
| 22 | विधान सभा | 216 |
| 23 | राजस्थान की राज्य राजनीति | 225 |

# 1 CHAPTER राजस्थान का सामान्य परिचय

- राजस्थान **भौगोलिक दृष्टि** से वर्तमान में भारत का **सबसे बड़ा राज्य** है जो भारत के मान चित्रानुसार **उत्तर पश्चिम दिशा** में स्थित है । **1 नवम्बर 2000** को **मध्यप्रदेश** से **छत्तीसगढ़** का गठन हुआ और उसी दिन से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य बना।

**(IA-2012, police Const -2002 )**

- **वैदिक काल** में **ऋगवेद** में राजस्थान को **ब्रह्मवर्त** (सरस्वती और दृशद्वती नदियों के बीच) तथा **रामायण** में **वाल्मीकि** ने राजस्थान प्रदेश को **मरुकांतर** कहा है।
- **वि संवत 682** के **बसंतगढ़ शिलालेख** (सिरोही**)** में राजस्थान शब्द का प्राचीनतम नाम **'राजस्थानियादित्य'** मिलता है । **मुहणोत नैणसी की ख्यात** व **राजरूपक** में **राजस्थान** शब्द का प्रयोग हुआ है।

**(CET 10+2 -2023)**

- **छठी सताब्दी** के बाद राजस्थानी भू भाग में **राजपूत राज्यों** का उदय प्रारंभ हुआ । राजपूत राज्यों की प्रधानता के कारण इसे **राजपुताना** कहा जाने लगा।
- **आयरलैण्ड** (आयरिश) के निवासी **जार्ज थामस** (सन् 1800 ई) ने में राजस्थान के इस भाग के लिए '**राजपुताना**' शब्द का प्रयोग किया । इसका उल्लेख **विलियम फ्रेंकलिन** की पुस्तक **"Military Memoirs of Mr. George Thomas"** में मिलता है।

**(Steno 2018, Jen Ele. 2020)**

- **कर्नल जम्स टॉड** (19 वी. सदी) ने अपनी पुस्तक **"एनॉल्स एंड एटीक्रिटिज ऑफ़ राजस्थान"** मे **राजस्थान शब्द** का प्रयोग किया। इस पुस्तक का दूसरा नाम "**द सेंट्रल एंड वेस्टर्न राजपूत स्टेट्स ऑफ इंडिया**" है।

**(School Lecturer 2015)**

- **स्थानीय साहित्य** एवं **बोलचाल** के आधार पर **कर्नल जेम्स टॉड** ने इस क्षेत्र को **"रायथान"** कहा।
- राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम में **गुजरात**, दक्षिण-पूर्व में **मध्य प्रदेश**, उत्तर-पूर्व में **पंजाब**, उत्तर-पूर्व में **उत्तर प्रदेश** और **हरियाणा** स्थित है।
- राजस्थान के साथ लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा **रेड क्लिप रेखा** कहते है जो पाकिस्तान के साथ **1070 किमी साझा** होती है।
- राजस्थान का कुल क्षेत्रफल **3,42,239 वर्ग किमी** है। जो कि देश का **10.41%** है। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान श्रीलंका से पांच गुना, चेकोस्लोवाकिया से तीन गुना, इजराइल से सत्रह गुना तथा इंग्लैण्ड से दुगुने से भी बड़ा है। जापान की तुलना में राजस्थान कुछ ही छोटा है।

**(2nd grade Tea Sanskrit 2019)**

- **30 मार्च, 1949** को **चार बड़ी रियासतों** जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर एवं बीकानेर का राज्य में विलय होने के बाद **वृहत राजस्थान** का गठन हुआ। इसलिए तभी से **30 मार्च** को '**राजस्थान दिवस** ' के रूप में मनाया जाता है।

**(VDO -2021, Patwar – 2011)**

- **26 जनवरी 1950** को औपचारिक रूप में इस प्रदेश का नाम **राजस्थान** स्वीकार किया गया।
- राजस्थान के **पहले राजप्रमुख** जयपुर के **महाराजा सवाई मानसिंह** एवं मुख्यमंत्री श्री **हीरालाल शास्त्री** बने।

**(REET -2022, CET 10+2 – 2023)**

- **महा राजप्रमुख** मेवाड़ के **महाराणा भूपाल सिंह** बने।
- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या **6,85,48,437** है जो की देश की जनसंख्या का **5.67 %** है। **जनसंख्या की दृष्टि** से राजस्थान **देश** में **सातवें स्थान** पर है तथा साक्षरता दर **66.11%** है

**(CET 10+2 – 2023)**

| | |
|---|---|
| राजस्थान की स्थापना **(Agri Sup – 2021)** | 30 मार्च 1949 |
| राजस्थान का अर्थ | राजाओं का स्थान |
| राज्य की राजधानी | जयपुर |
| राजस्थान का कुल क्षेत्रफल | 3,42,239 वर्ग किलोमीटर |
| कुल जिलो की संख्या | 50 जिले और 10 संभाग |
| राजस्थान की कुल जनसंख्या | 6,85,48,437 (2011 की जनगणना के अनुसार) |
| लोकसभा सीटें | 25 |
| राज्यसभा सीटें | 10 |
| विधानसभा सीटें | 200 |
| राज्य के पहले मुख्यमंत्री | श्री हीरालाल शास्त्री |
| राज्य के प्रथम राज्यपाल | श्री गुरुमुख निहाल सिंह |
| राज्य के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष | श्री नरोत्तम लाल जोशी |
| वर्तमान मुख्यमंत्री | श्री भजनलाल शर्मा |
| वर्तमान उप- मुख्यमंत्री | श्री प्रेम चंद बैरवा और श्रीमती दिया कुमारी (2nd महिला उप- मुख्यमंत्री) |
| वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष | श्री वासुदेव देवनानी |
| राज्य वृक्ष | खेजड़ी |
| राज्य पुष्प | रोहिडा वृक्ष का पुष्प |
| राज्य पशु | चिंकारा और ऊंट |

Unleash the topper in you

# राजस्थान के प्रतीक चिन्ह एवं जिलों के शुभंकर

## राजस्थान के प्रतीक चिन्ह

राज्य सरकार ने राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्वीकार्य स्थानों व अवसरों में उपयोग किए जाने हेतु राज्य के **प्रतीक चिन्ह** को सूचित किया है। इन प्रतीक चिन्हों का **भौगोलिक**, **सांस्कृतिक** एवं **ऐतिहासिक** महत्त्व है।

- **राज्य वृक्ष - खेजड़ी**

  **(PSI -2021, REET L-1 -2021, 2nd Grade -2022**

  - खेजड़ी **धार्मिक** एवं **भौगोलिक दृष्टि** से एक **महत्वपूर्ण वृक्ष** है। खेजड़ी को **31 अक्टूबर, 1983** में **राज्य वृक्ष** के रूप में घोषित किया गया।

    **Industry Inspector- 2018, EO/RO -2023)**
  - खेजड़ी को **"रेगिस्तान का गौरव"** अथवा "**थार का कल्पवृक्ष**" कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम "**प्रोसेसिप-सिनेरेरिया**" है। **5 जून 1988** (विश्व पर्यावरण दिवस) को खेजड़ी वृक्ष पर **60 पैसे** का **डाक टिकट** जारी किया गया।
  - **विजयदशमी** के अवसर पर इस वृक्ष कि **पूजा** की जाती है।
  - राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष के नीचे **गोगाजी** व **झुंझार बाबा** का **मंदिर/थान** बनाये जाते है।
  - **स्थानीय भाषा** में **सीमलो** कहते हैं तथा **बिश्नोई सम्प्रदाय** के लोग **शमी** के नाम से जानते है। खेजड़ी को विभिन्न भाषाओँ में अलग अलग नामों से जाना जाता है जैसे - पंजाबी व हरियाणावी मे जांटी, तमिल में पेयमेय, कन्नड़ में बन्ना-बन्नी, सिंधी में धोकड़ा।
  - खेजडी की **हरी फलियों** को **सांगरी**, **सुखी फलियों** को **खोखा** और **पत्तियों** को **लुंग/लुम** कहते है।
  - खेजड़ी के वृक्ष सर्वाधिक **राजस्थान** के **शेखावटी क्षेत्र** तथा **नागौर जिले** में देखे जा सकते है
  - प्रत्येक वर्ष **12 सितम्बर** को **खेजड़ली दिवस** के रूप में मनाया जाता है। प्रथम खेजड़ली दिवस **12 सितम्बर 1978** को मनाया गया था। **(REET L-1 2022)**
  - **वन्य जीव सरंक्षण** हेतु दिया जाने वाला सर्वक्षेष्ठ पुरस्कार **अमृता देवी वन्य जीव** पुरस्कार है। इस पुरस्कार की शुरूआत **1994** में की गई। इस पुरस्कार के तहत **संस्था** को **50,000 रूपये** व **व्यक्ति** को **25,000 रूपये** दिये जाते है। **पाली** के रहने वाले **गंगाराम बिश्नोई** को **प्रथम अमृता देवी वन्यजीव पुरस्कार** को दिया गया।
  - पर्यावरण सरक्षण के लिए सर्वप्रथम बलिदान **अमृतादेवी** के द्वारा **वर्ष 1730** में दिया गया। अमृता देवी द्वारा यह बलिदान **भाद्रपद शुक्ल दशमी** को **जोधुपर** के **खेजड़ली गाँव** में **363 लोगों** के साथ दिया गया। बिश्नोई सम्प्रदाय द्वारा दिया गया यह बलिदान **साका/खडाना** कहलाता है।
  - राजस्थान सरकार ने राज्य **जीव जंतु कल्याण बोर्ड** का नाम **अमृता देवी राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड** कर दिया।
  - ऑपरेशन खेजड़ा की शुरूआत **वर्ष 1991** में हुई।

- **राज्य पुष्प - रोहिडा का फुल**

  **(Police Const -2020, RAS – 2021,**

  - **21 अक्टूबर 1983** को **रोहिडा के फुल** को **राज्य पुष्प** के रूप में अपनाया गया। इसे **मरूशोभा** या **रेगिस्थान का सागवान** भी कहते है। इसका वैज्ञानिक नाम **टिको मेला अंडुलेटा** है। **जोधपुर** में रोहिड़ा के वृक्ष को **मारवाड़ टीक** के नाम से भी जाना जाता है।
  - राजस्थान के **पष्चिमी क्षेत्र** में रोहिड़ा के वृक्ष सर्वाधिक देखे जा सकते है। इसके पुष्प **मार्च-अप्रैल** के महिने मे खिलते है।
  - रोहिड़ा के वृक्ष राजस्थान के कई प्रदेशों में **इमारती लकड़ी** का मुख्य स्रोत है। यह **शुष्क** व **अर्ध शुष्क क्षेत्रों** में पाया जाने वाला **पतझड़ी प्रकार** का वृक्ष है। रोहिड़ा के वृक्ष मिट्टी धोरों के स्थिरीकरण के लिए बहुत उपयोगी वृक्ष है।

- **राज्य पशु**
  - राजस्थान में राज्य पशु की **दो श्रेणियाँ** विभाजित किया गया है। पहली **वन्य जीव श्रेणी** में **चिंकारा** तथा दूसरी **डोमेस्टिक (पालतू) जीव श्रेणी** में **ऊँट** को अपनाया गया हैं।

1. **चिंकारा –**

   **(Police Const -2020, 3rd Grade – Hindi – 2023)**

   - चिंकारा को **22 मई 1981** में **राज्य पशु** घोषित किया गया। इसका वैज्ञानिक नाम **गजेला-गजेला** या **गजेला बेनेट्टी** है। और यह **श्रीगंगानगर** का **शुभंकर** भी है।
   - चिंकारा को **छोटा हरिण** के उपनाम से भी जाना जाता है। यह **एन्टीलोप प्रजाती** का एक मुख्य जीव है।
   - चिंकारा राजस्थान के **मरूस्थलीय भाग** में **सर्वाधिक संख्या** में पाया जाता है। चिकारों के लिए **नाहरगढ़ अभ्यारण्य जयपुर** प्रसिद्ध है।

2. **ऊँट –**

   **(Police Const -2020, 3rd Grade – Hindi – 2023)**

   - **30 जून 2014** को राजस्थान सरकार ने **ऊँट** को भी **राज्य पशु** का दर्जा दिया। यह घोषणा **19 सितम्बर 2014** को **बीकानेर** में की गई थी। ऊंट को **रेगिस्तान का जहाज़** के नाम से भी जाना जाता है।
   - राजस्थान में पाए जाने वाले ऊँट का वैज्ञानिक नाम **कैमलस ड्रोमेडेरियस** है।
   - राजस्थान में सर्वाधिक ऊँट **बाड़मेर जिलें** में तथा सबसे कम ऊँट **प्रतापगढ़ जिलें** में पाए जाते है।

- राजस्थान में पाए जाने वाली ऊँटों की प्रमुख नस्लें **गोमठ, नाचना, जैसलमेरी, अलवरी, सिंधी, कच्छी, बीकानेरी** आदि हैं ।
- राजस्थान में ऊँट पालने के लिए **रेबारी जाति** प्रसिद्ध है तथा **लोकदेवता पाबूजी** को **ऊंटो का देवता** भी कहते है। **(VDO -2021)**
- **गोरबंद गीत** राजस्थान का **ऊँट श्रृंगार** का गीत है। ऊँट के **नाक** में डाले जाने वाला **लकड़ी का बना** आभूषण **गिरबाण** कहलाता है।
- राजस्थान में **ऊँट की खाल** पर की जाने वाली **कलाकारी** को **उस्ता कला** तथा **ऊंट की खाल** से बनाये जाने वाले **ठण्डे पानी के जलपात्रों** को **कॉपी** कहा जाता है।
- **5 जुलाई, 1984** को राज्य के **बीकानेर जिले** के **जोहड़ बीड** में **राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र** स्थापित किया गया है ।
- **ऊंटनी के दूध** की उपयोगीता को देखते हुए **बीकानेर** में **ऊँटनी के दूध हेतु** एक डेयरी स्थापना की गई । इसका नाम **उरमूल डेयरी** रखा गया और यह **भारत** की **एकमात्र ऊँटनी के दूध की डेयरी** है। ऊंटनी का दूध **विटामिन - C** का **प्रमुख स्रोत** होता है।
- बीकानेर के **महाराज गंगासिंह** ने **पहले विश्वयुद्ध** में '**गंगा रिसाला**' नाम से **ऊंटों की एक सेना** बनाई थी । इसे बाद में **भारत सरकार** द्वारा **सीमा सुरक्षा बल (BSF)** में शामिल कर लिया गया।

- **राज्य पक्षी – गोडावण**

**CET 2023, 3rd Grade – Hindi – 2023)**

  - **वर्ष 1981** को **राजस्थान सरकार** ने **गोडावण** को **राज्य पक्षी** का दर्जा दिया। गोडावण को **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** के नाम से भी जाना जाता है और इसे **माल गोरड़ी** व **सौनचिडिया** भी कहा जाता है। राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों में गोडावण को **सारंग, कुकना, तुकदर, बडा तिलोर** आदि कई प्रकार के नामों से भी जाना जाता है। गोडावण का वैज्ञानिक नाम **एरडेओटिस नाइग्रीसेप्स** है। यह मुलतः **अफ्रीकी पक्षी** है।
  - गोडावण राजस्थान के **मरूउधान (जैसलमेर, बाड़मेर), सोरसन (बांरा), सोकंलिया (अजमेर)** आदि में सर्वाधिक देखा जा सकता है और राजस्थान के अलावा **गुजरात** में भी सर्वाधिक देखा जा सकता है ।
  - गोडावण का प्रमुख भोजन **मूगंफ**ली व **तारामीरा** आदि है और इसका **प्रजनन काल अक्टूबर-नवम्बर** का महिना माना जाता है।
  - **IUCN** की **संकटग्रस्त प्रजातियों** में इसे **गंभीर रूप** से **संकटग्रस्त श्रेणी** में तथा **भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972** की **अनुसूची 1** में रखा गया है।
  - राज्य पक्षी गोडावण को **विलुप्त होने से बचाने** हेतु, **राज्य सरकार**, **भारतीय वन्यजीव संस्थान** और **केंद्र सरकार** मिलकर कई **प्रजनन केंद्र** स्थापित कर रहे हैं।
  - राजस्थान सरकार ने **वर्ष 2013** में **विश्व पर्यावरण दिवस** पर **प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** की शुरुआत की।
  - देश का पहला गोडावण प्रजनन केंद्र **डेजर्ट नेशनल पार्क (जैसलमेर व बाड़मेर)** में स्थापित किया गया है। गोडावण प्रजनन के लिए **जोधपुर जंतुआलय** प्रसिद्ध है

- **राज्य गीत -केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश**
  - राजस्थान का राज्य गीत केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश है जिसको सर्वप्रथम उदयपुर की मांगी बाई के द्वारा गया और इस गीत को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर बीकानेर की अल्ला जिल्ला बाई(राज्य की मरूकोकिला) ने गाया। अल्ला जिल्ला बाई ने सबसे पहले केसरिया बालम बीकानेर महाराजा गंगासिंह के दरबार में गाया था। इस गीत को मांड गायिकी में गाया जाता है।
  - लता मंगेशकर ने वर्ष 1990 में इस गीत को गाया और इसे वर्ष 1991 में रिलीज़ किया गया था।

- **राज्य नृत्य - घुमर**
  - राजस्थान सरकार ने **वर्ष 1986** में घुमर नृत्य को **राज्य नृत्य** का दर्जा दिया । घूमर नृत्य राजपूत राजाओं के शासनकाल के दौरान किया जाने वाला राजस्थान का एक **परंपरागत लोकनृत्य** है। इसका विकास **भील जनजाति** ने **मां सरस्वती** की आराधना करने हेतु किया था और बाद में अन्य समुदायों ने भी इसे अपना लिया । घुमर केवल **महिलाओं** द्वारा किया जाने वाला नृत्य हैं । घुमर को राजस्थान के **लोकनृत्यों की रानी**, **नृत्यों का सिरमौर (मुकुट)**, **राजस्थानी नृत्यों की आत्मा** कहा जाता है।
  - इस नृत्य को विशेष अवसरों जैसे विवाहों, त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर किया जाता है। यह नृत्य राजस्थान की **समृद्ध संस्कृति** और **विरासत** को प्रदर्शित करता है। इसे राज्य की जनजातियों के लिए नारीत्व का प्रतीक कहा जाता है ।
  - यह नृत्य मुख्यतः महिलाएं **घूंघट लगाकर** और एक **घुमेरदार पोशाक** जिसे **घाघरा** कहते हैं, पहन कर करती हैं।

- **राज्य शास्त्रीय नृत्य - कत्थक**
  - कत्थक **उत्तरी भारत** का प्रमुख **शास्त्रीय नृत्य** है। कत्थक का उद्गम **जयपुर घराना** से माना जाता है । **भारत** इसका **मुख्य घराना** में **लखनऊ** व **जयपुर** है । जयपुर को कत्थक का **आदिमघराना** व **पुराना घराना** के नाम से जाना जाता हैं। कत्थक के जन्मदाता **भानू जी महाराज** को माना जाता है। कत्थक को **मंगल सुखी नृत्य** भी कहा जाता है।

- **राजस्थान का राज्य खेल – बास्केटबॉल**

**(Police Const -2020, 3rd Grade – Hindi – 2023)**

  - बास्केटबॉल, विश्व के सबसे **लोकप्रिय** और **व्यापक रूप** से देखे जाने वाले खेलों में से एक है। राजस्थान में बास्केटबॉल को **वर्ष 1948** में **राज्य खेल** के रूप में घोषित किया गया। इस खेल में **5 सक्रिय खिलाड़ी** वाली **दो टीमें** होती हैं

- वर्ष 1957 में **राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद** की स्थापना हुई की गई। इसका उद्देश्य राजस्थान खेलों में अपनी खास पहचान बना सके। यह परिषद, **राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958** के तहत **पंजीकृत** है। यह **युवा मामले एवं खेल विभाग** के नियंत्रण में है।

## शुभंकर

- वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु **राजस्थान वन विभाग** ने हर ज़िले के लिए **एक वन्यजीव** को **शुभंकर** घोषित किया गया है। संबंधित ज़िले में पाए जाने वाले वन्यजीवों में से ही शुभंकर चुना गया है।
- **शुभंकर पहल** से हर जिले को **एक वन्यजीव** के नाम पर एक अलग **पहचान** मिलेगी।

### संभाग वार जिलों के शुभंकर

Lab Asst – 2022, 3rd Grade– 2023, SCI-2022)

**1. अजमेर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अजमेर | खरमोर |
| 2 | ब्यावर | - |
| 3 | केकड़ी | - |
| 4 | नागौर | राजहंस |
| 5 | टोंक | हंस |
| 6 | शाहपुरा | - |
| 7 | डीडवाना-कुचामन | - |

**2. जयपुर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | जयपुर शहर | *हिरण |
| 2 | जयपुर ग्रामीण | - |
| 3 | दौसा | खरगोश |
| 4 | अलवर | सांभर |
| 5 | खैरथल तिजारा | - |
| 6 | दूदू | - |
| 7 | बहरोड़-कोटपूतली | - |

**3. सीकर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | सीकर | शाहीन |
| 2 | नीमकाथाना | - |
| 3 | झुंझुनू | काला तीतर |
| 4 | चुरू | कृष्ण मृग |

**4. बीकानेर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बीकानेर | भट्ट तीतर |
| 2 | अनूपगढ़ | - |
| 3 | हनुमानगढ़ | छोटा किलकिला |
| 4 | श्री गंगानगर | चिंकारा |

**5. भरतपुर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | भरतपुर | सारस |
| 2 | धौलपुर | पचीरा (इण्डियन स्क्रीमर) |
| 3 | करौली | घड़ियाल |
| 4 | सवाई माधोपुर | बाघ |
| 5 | डीग | - |
| 6 | गंगापुर सिटी | - |

**6. कोटा संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | कोटा | उदबिलाव |
| 2 | बूँदी | सुर्खाब |
| 3 | बाराँ | मगरमच्छ |
| 4 | झालावाड़ | गागरोनी तोता |

**7. उदयपुर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | उदयपुर | कब्र बिज्जू |
| 2 | भीलवाडा | मोर |
| 3 | राजसमंद | भेडिया |
| 4 | चित्तौड़गढ़ | चौसिंगा |
| 5 | सलूम्बर | - |

**8. जोधपुर संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | जोधपुर शहर | *कुरजां |
| 2 | जोधपुर ग्रामीण | - |
| 3 | फलौदी | - |
| 4 | जैसलमेर | गोडावण |
| 5 | बाड़मेर | मरू लोमड़ी |
| 6 | बालोतरा | अघोषित |

**9. पाली संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | पाली | तेन्दुआ |
| 2 | सांचौर | अघोषित |
| 3 | जालौर | भालू |
| 4 | सिरोही | जंगली मुर्गा |

**10. बाँसवाड़ा संभाग के जिलों के शुभंकर**

| क्र.स. | जिले का नाम | शुभंकर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बांसवाड़ा | जल पीपी |
| 2 | डूंगरपुर | जांघिल |
| 3 | प्रतापगढ़ | उड़न गिलहरी |

वर्तमान में नए जिलों के शुभंकर घोषित नहीँ किये गये हैं।

* जयपुर और जोधपुर शहर के पुनर्गठन से पहले के शुभंकर क्रमश: हिरण और कुरजां

Unleash the topper in you

# 2 CHAPTER राजस्थान का भौतिकीय स्वरुप

- राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान का **क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी** है, जो देश के क्षेत्रफल का **10.41%** भाग है ।

**(2nd Grade Teach, Electrician Instructor 2019)**

- राजस्थान की आकृति **विषमकोणीय चतुर्भुज / रोम्बस / पतंगाकार** के समान है। राजस्थान से **अंतर्राजीय** एवं **अन्तर्राष्ट्रीय** दोनों प्रकार की **सीमा** लगती हैं।

**(Pol Const – 2022, JEN – ME - 2022)**


## राजस्थान की भौगोलिक उत्पति

**Forest Guard-2022**

राजस्थान की भू-गर्भिक संरचना भारत के अन्य प्रदेशों की तुलना में विशिष्ट है। विश्व के संदर्भ में राजस्थान का निर्माण **गोंडवानालैण्ड** व **टेथिस सागर** से हुआ हुआ है।

**REET L-1, L-2 -2022)**


- राजस्थान में टेथिस सागर का भाग - पश्चिमी रेतीला प्रदेश और पूर्वी मैदानी प्रदेश ।
- राजस्थान में टेथिस सागर का भाग - अरावली व दक्षिणी - पूर्वी पठारी प्रदेश ।




## राजस्थान की भौगोलिक स्थिति

**a. विश्व के सन्दर्भ में राजस्थान स्थिति** -

अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार 23° 03' उत्तरी अक्षांश से 30° 12' उत्तरी अक्षांश और 69° 30' पूर्वी देशांतर से 78° 17' पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है ।राजस्थान अक्षांशीय स्थिति के अनुसार उत्तरी गोलार्द्ध में तथा देशांतरीय स्थिति के अनुसार पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है । अतः वैश्विक मान-चित्रानुसार राजस्थान के स्थिति **उत्तर पूर्वी (ईशान दिशा)** की ओर है।




**एशिया महाद्वीप के सन्दर्भ में राजस्थान की स्थिति -**

एशिया महाद्वीप के मानचित्र में राजस्थान की स्थिति **दक्षिण - पश्चिम (नैऋत्य दिशा)** की ओर है।

**b. भारत के सन्दर्भ में राजस्थान की स्थिति –**

**(JEN ME -2022, ASO – 2016)**

भारत के भोगोलिक दृष्टि से राजस्थान **उत्तर - पश्चिम (वायव्य दिशा)** में स्थित है।


## राजस्थान का भौगोलिक विस्तार

- राजस्थान राज्य का अधिकांश भाग **कर्क रेखा ($23^0 3'$ उत्तरी अक्षांश रेखा)** के **उत्तर** में स्थित है। राजस्थान का **उत्तर से दक्षिण** की ओर **विस्तार 826 किलोमीटर** है जबकि **पूर्व से पश्चिम** ओर यह **विस्तार 869 किलोमीटर** है।

**(JEN ME -2018, 2nd Grade Sanskrit – 2019, BCI - 2022)**

- राजस्थान की **पूर्व से पश्चिमी** व **उत्तर से दक्षिण** की लम्बाई में कुल अंतर **43 किमी** है।

Toppers Notes Unleash the topper in you




- राजस्थान की **उत्तर-पश्चिम** से **दक्षिण-पूर्व** की ओर **लम्बाई 850 किमी** है। राजस्थान की **उत्तर-पूर्व** से **दक्षिण-पश्चिम** की ओर **लम्बाई 784 किमी** है। राजस्थान की **उत्तर-पश्चिम** से **दक्षिण-पूर्व** तथा **उत्तर-पूर्व** से **दक्षिण-पश्चिम** की लम्बाई में कुल अंतर **66 किमी** है।
- राज्य का सबसे **उत्तरी बिंदु** गंगानगर ज़िले के **कोणा गांव** में तथा सबसे **दक्षिणी बिंदु** बांसवाड़ा ज़िले की **कुशलगढ़ तहसील** के **बोरकुंड गांव** में है।
- राज्य का सबसे **पश्चिमी बिंदु** जैसलमेर ज़िले **सम तहसील** के **कटरा गांव** में तथा सबसे **पूर्वी बिंदु** धौलपुर ज़िले **राजाखेड़ा तहसील** के **सिलावट गांव** में है।
- राजस्थान का मध्यवर्ती केंद्र बिंदु **लाम्पोलाई गांव (नागौर)** है।
- **कर्क रेखा** ($23^0$ 3′ उत्तरी अक्षांश रेखा) राज्य के **डूंगरपुर जिले** की **दक्षिणी सीमा** से होती हुई **बाँसवाड़ा जिले** के लगभग **मध्य से** गुजरती है।

**(JEN - ME 2020)**

## राजस्थान की सीमा विस्तार

राजस्थान की कुल **स्थलीय सीमा** की लंबाई **5,920 किलोमीटर** है। राजस्थान की सीमा रेखा को हम **दो भागों** में विभाजित करते है

**Jr. Scientific Asst.(Phy)-2019**

1. अंतरराष्ट्रीय स्थलीय सीमा
2. अंतर्राज्यीय स्थलीय सीमा

**1. अंतरराष्ट्रीय स्थलीय सीमा -** राजस्थान के साथ लगने वाली **अंतरराष्ट्रीय स्थलीय सीमा** को **रेडक्लिफ रेखा** के नाम से जाना जाता है जो पाकिस्तान देश से लगती है जिसकी कुल लम्बाई **1070 किमी** है। (**भारत** और **पाकिस्तान** के मध्य स्थित अंतर्राष्ट्रीय सीमा **3323 किमी** है।) यह सीमा श्रीगंगानगर **हिन्दुमल कोट** से बाड़मेर के **शाहगढ़** तक फैली हुई है। **(Forest Guard -2022**

**अंतरराष्ट्रीय सीमा** से लगने वाले **राजस्थान के जिले** – श्रीगंगानगर +अनूपगढ़(210 किमी), बीकानेर (168 किमी), जैसलमेर (464 किमी), बाड़मेर (228 किमी)।

**(JEN – 2020)**

राजस्थान के साथ लगने वाले **पकिस्तान के प्रान्त - पंजाब** (जिले - बहावलनगर, बहावलपुर, रहीमयारखानपुर) और **सिंध** (घोटकी, सुक्कुर, संघर, खैरपुर, उमरकोट, थारपाकर) प्रान्त।




**2. अंतर्राज्यीय स्थलीय सीमा** - राजस्थान की अंतर्राज्यीय स्थलीय सीमा की कुल लम्बाई 4850 किमी जो की देश के 5 राज्यों से लगती है।

Unleash the topper in you

| राजस्थान के पडोसी राज्यों के साथ सीमा | राजस्थान के जिले | पडोसी राज्यों के जिले |
|---|---|---|
| पंजाब (89 किमी)<br>दिशा – उत्तर | श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़<br>(कुल - 2 जिले) | फाजिल्का, मुक्तसर<br>(कुल - 2 जिले) |
| हरियाणा (1262 किमी)<br>दिशा - उत्तर-पूर्व | हनुमानगढ़, चूरू, झुन्झुनू, नीमकाथाना, कोटपुतली - बहरोड़, खैरथल - तिजारा, अलवर व डीग<br>(कुल - 8 जिले) | सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवनी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूँह<br>(कुल - 7 जिले) |
| उत्तर प्रदेश (877 किमी)<br>दिशा – पूर्व | डीग, भरतपुर, धौलपुर,<br>(कुल - 3 जिले) | मथुरा, आगरा<br>(कुल - 2 जिले) |
| मध्य प्रदेश (1600 किमी)<br>दिश - दक्षिण-पूर्व | धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा, बाराँ, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा,प्रतापगढ़ व बाँसवाड़ा<br>(कुल - 10 जिले) | मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, अगर मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ<br>(कुल - 10 जिले) |
| गुजरात (1022 किमी)<br>दिशा - दक्षिण-पश्चिम | बाँसवाड़ा, डूंगरपुर उदयपुर, सिरोही, सांचौर व बाड़मेर<br>(कुल - 6 जिले) | दाहोद, माही सागर,अरावली, साबरकांठा, बनासकांठा, कच्छ का रन<br>(कुल - 6 जिले) |

**सीमा से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्य -** (केवल राजस्थान के संदर्भ में)

- रेडक्लीफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा **राजस्थान** की लगती है।
- रेडक्लीफ के सर्वाधिक दूर राजधानी मुख्यालय **जयपुर** है।
- रेडक्लीफ के साथ सर्वाधिक सीमा **जैसलमेर** जिले की लगती है। **(JEN EE – 2020)**
- रेडक्लीफ के सर्वाधिक नजदीक जिला मुख्यालय **अनूपगढ़** जिला है।
- हरियाणा के साथ सर्वाधिक सीमा **हनुमानगढ़** जिले की लगती है।
- हरियाणा के साथ सबसे कम सीमा **अलवर** जिले की लगती है।
- उत्तरप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा **भरतपुर** जिले की लगती है।
- उत्तरप्रदेश के साथ सबसे कम सीमा **डीग** जिले की लगती है।
- मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा **झालावाड़** जिले की लगती है। **2nd Grade Teacher-2017**
- मध्यप्रदेश के साथ सबसे कम सीमा **भीलवाडा** जिले की लगती है।
- गुजरात के साथ सर्वाधिक सीमा **उदयपुर** जिले की लगती है।
- गुजरात के साथ सबसे कम सीमा **बाड़मेर** जिले की लगती है।
- **चितौडगढ़** (विखंडित रूप से) और **कोटा** (अविखंडित रूप से) **मध्यप्रदेश** के साथ **दो बार** सीमा साझा करते है।
- वर्तमान में केवल **चितौडगढ़** ही एकमात्र विखंडित जिला है। (अजमेर पुनर्गठन के बाद विखंडित जिला नहीं रहा)
- **सीमा विवाद** - बाँसवाड़ा में स्थित मानगढ़ क्षेत्र को लेकर राजस्थान और गुजरात में विवाद।
- राजस्थान के **28** परिधीय और **22** अन्तर्वर्ती जिले है।
- कुल अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिले - 25
- केवल अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिले - 23
- पूर्णत: अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिले - 3 (अनूपगढ़, बीकानेर, जैसलमेर)
- अंतर्राज्यीय + अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिले - 2 (श्रीगंगानगर, बाड़मेर) **House Keeper-2022**
- राजस्थान के **22 जिले** अन्तर्वर्ती जिले है।
- राजस्थान के **4 जिले** जो दो दो राज्यों के साथ सीमा साझा करते है
  1. हनुमानगढ़ - पंजाब + हरियाणा
  2. डीग - हरियाणा + उत्तरप्रदेश
  3. धौलपुर - उत्तरप्रदेश + मध्यप्रदेश
  4. बाँसवाड़ा - मध्यप्रदेश + गुजरात
- **सर्वाधिक जिलों** के सीमा बनाने वाला जिला - **जयपुर ग्रामीण** (10 जिलों के साथ - जयपुर शहर, अलवर, कोटपुतली-बहरोड़, नीमकाथाना, सीकर, डीडवाना-कुचामन, अजमेर, दूदू, टोंक, दौसा)
- राज्य के दो जिले **जयपुर शहर** और **जोधपुर शहर** जो पूर्णत: **एक जिला सीमा क्षेत्र** से **स्थलरुद्ध** हैं।
  - **जयपुर शहर** जो की **जयपुर ग्रामीण** जिले की सीमा से **पूर्णत: स्थलरुद्ध** है।
  - **जोधपुर शहर** जो की **जोधपुर ग्रामीण** जिले की सीमा से **पूर्णत: स्थलरुद्ध** है।
  - अत: इन दोनों जिलों की सीमा सबसे कम जिलों (1 जिले) से लगती है।

# 3 CHAPTER संभाग एवं जिला परिदृश्य

- **रामलुभाया कमेठी** की सिफारिशों से **17 मार्च 2023** को **मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत** ने **3 नए संभाग** एवं **19 नए जिले** बनाने कि घोषणा की। वर्तमान समय में राजस्थान में **10 संभाग** एवं **50 जिलें** हो गए है।
- वर्तमान में राजस्थान **सर्वाधिक जिलों** के मामले में **देश** में **उत्तरप्रदेश (75)** व **मध्य प्रदेश (55)** के बाद **तीसरे स्थान** पर है।

**नोट** - मुख्यमंत्री ने **6 अक्टूबर, 2023** को **मालपुरा, सुजानगढ़, कुचामन सिटी** ओर तीन **नए ज़िले** बनाने की घोषणा की है (प्रस्तावित) अगर ये तीनों जिले बनते है तो भविष्य में राजस्थान में **कुल 53 जिले** हो जायेंगे।]


- **नवीनतम संभाग** - सीकर, बाँसवाड़ा, पाली **(IA-2024)**
- **नवीनतम जिले** - अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, खैरथल, ब्यावर, नीमकाथाना, डींग, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, डीडवाना, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा

**राजस्थान के संभाग -**

- नए संभाग एवं जिलों की घोषणा के बाद अब राजस्थान के **50 जिलों** को **प्रशासनिक दृष्टि** से कुल **10 संभागों** में विभाजित किया गया है
- वर्ष 1949 में **हीरालाल शास्त्री सरकार** ने राजस्थान में **संभागीय व्यवस्था** शुरूआत की गई थी।
- **मोहनलाल सुखाडिया सरकार** ने **अप्रैल, 1962** में **संभागीय व्यवस्था** को समाप्त कर दिया गया। **(RAS -2015)**
- **हरिदेव जोशी सरकार** ने **5 जनवरी, 1987** में संभागीय व्यवस्था को पुन: शुरू की। **(JEN- ME -2022)**

| क्र.स. | संभाग | गठन वर्ष | ज़िले |
|---|---|---|---|
| 1 | **जयपुर** | 1949 | जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़ दौसा, खैरथल - तिजारा , अलवर (7 जिले) |
| 2 | **जोधपुर** | 1949 | जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा (6 जिले) |
| 3 | **बीकानेर** | 1949 | बीकानेर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, गंगानगर (4 जिले) |
| 4 | **उदयपुर** | 1949 | उदयपुर, भीलवाडा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, सलूम्बर (5 जिले) |
| 5 | **कोटा** | 1949 | कोटा, बूँदी, बारां , झालावाड़ (4 जिले) |
| 6 | **अजमेर** **(VDO-2021)** | 1987 | अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, नागौर, टोंक, डीडवाना-कुचामन, शाहपुरा (7 जिले) |
| 7 | **भरतपुर** | 2005 | भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, डीग, गंगापुर सिटी (6 जिले) |
| 8 | **पाली** | 2023 | पाली, सांचौर, जालौर, सिरोही (4 जिले) |
| 9 | **बाँसवाड़ा** | 2023 | बाँसवाड़ा , डूंगरपुर, प्रतापगढ़ (3 जिले) |
| 10 | **सीकर** | 2023 | सीकर, झुंझुनू, चुरू, नीमकाथाना (4 जिले) |

- सर्वाधिक जिलों वाले संभाग - जयपुर (7), अजमेर(7), जोधपुर(6), भरतपुर(6), उदयपुर(5)
- न्यनतम जिलों वाले संभाग - बाँसवाड़ा (3), कोटा(4),पाली (4), सीकर(4) बीकानेर (4)




**1. जयपुर संभाग** -

नवीनतम जिलों के गठन के बाद अब **जयपुर संभाग** में **7 जिलों** को शामिल किया गया है तथा कुछ जिलों **(सीकर, झुंझुनू)** को जयपुर संभाग से हटाकर नए संभाग **(सीकर)** में शामिल किया गया है। जयपुर संभाग के अन्तर्गत आने वाले जिले निम्नलिखित है -

- जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़ दौसा, खैरथल - तिजारा, अलवर

  **(जेल प्रहरी – 2017, 2018)**

- पूर्व जयपुर क्षेत्र से निम्नलिखित **निम्नलिखित जिले** बनाये गए
  - जयपुर शहर (पूर्व जयपुर क्षेत्र का शहरी भाग)
  - जयपुर ग्रामीण (पूर्व जयपुर क्षेत्र का ग्रामीण क्षेत्र + आशिक रूप से कुछ शहरी क्षेत्र से)
  - कोटपुतली बहरोड़ (पूर्व जयपुर क्षेत्र + अलवर क्षेत्र से अलग करके)
  - दूदू (पूर्व जयपुर क्षेत्र से अलग करके)

**(i) जयपुर शहर (नवीनतम जिला) -**

- इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **4 तहसीलों (आंशिक)** को शामिल किया है -
  - ✓ **जयपुर** (जयपुर का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) एवं नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **कालवाड़** (नगर निगम जयपुर ग्रेटर अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **आमेर** (आमेर का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
  - ✓ **सांगानेर** (सांगानेर का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग)
- जयपुर अपनी **समृद्ध भवन निर्माण-परंपरा, सरस-संस्कृति** और **ऐतिहासिक महत्व** के लिए प्रसिद्ध है।
- यह जिला पूर्णत: जयपुर ग्रामीण जिले से सीमा बंद है
- राज्य का राजधानी मुख्यालय
- इसे '**गुलाबी नगरी**' या '**पिंक सिटी**' भी कहा जाता है (स्टैनली रीड ने)
- डॉ. सीवी रमन ने जयपुर को **आयलैंड ऑफ़ ग्लोरी (रंग श्री द्वीप)** कहा था।

  **(PETE – 2023)**

Toppersnotes Unleash the topper in you

- **महाराजा जयसिंह द्वितीय** (आमेर नरेश) ने **वर्ष 1728** में **जयपुर शहर (हैरीटेज जयपुर)** की स्थापना की थी।
- इस शहर के वास्तुकारइस शहर के वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य थे।
- **यूनेस्को** द्वारा **जुलाई 2019** में **जयपुर** को **वर्ल्ड हेरिटेज सिटी** का दर्जा दिया गया है।
- जयपुर को भारत का **पेरिस** भी कहा जाता है।
- **पर्यटन एवं धार्मिक स्थल** - हवामहल, जंतर-मंतर, आमेर दुर्ग, जयगढ़, नाहरगढ़, मोती डूँगरी किला, जलमहल, ईसरलाट, रामनिवास बाग, सिसोदिया रानी का बाग, कनक घाटी, खोले के हनुमानजी एवं अन्नपूर्णा माता रोपवे, चूलगिरि जैन तीर्थ, गलताजी तीर्थ स्थल, ताल कटोरा, गोविंद देवजी मंदिर आदि।

**(ii) जयपुर ग्रामीण (नवीनतम जिला) -**

इस नवीनतम जिले में निम्न लिखित **4 (आंशिक) + 14 तहसीलों** को शामिल किया है -

- **4 तहसील (आंशिक)**
